# CCE RF
# CCE RR

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H** ವಿಷಯ : **ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ**

**Code No. : 61-H Subject : Third Language — HINDI**

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ + ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh + Regular Repeater )**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

i) यह प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका है ।

ii) इस प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में वस्तुनिष्ठ तथा विषयनिष्ठ कुल 43 प्रश्न हैं ।

iii) इसके तीन खण्ड हैं — **क, ख** और **ग** । सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है ।

iv) प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हेतु जगह का प्रबंध है । आपको सही विकल्प का चयन कर उत्तर को पूर्ण रूप से संकेताक्षर के साथ लिखना है ।

v) विषयनिष्ठ प्रश्नों हेतु प्रत्येक प्रश्न के नीचे पर्याप्त जगह का प्रबंध है । आपको प्रश्नों के उत्तर उसी जगह में देना है ।

vi) वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्नों के लिए दिये गये निर्देशों का पालन करें ।

vii) परीक्षार्थी उत्तरों को पेंसिल से न लिखें । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ( सिवाय ग्राफ, डायग्राम तथा मानचित्र ) ।

viii) दिये गये विकल्प, अनुरूपता और जोड़कर लिखिए जैसे उत्तरों को काट-छाँट करना, दोबारा लिखना एवं चिह्न लगाना मना है । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।

ix) प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु परीक्षार्थी को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

x) दाहिनी तरफ हाशिए में जो जगह छोड़ी गयी है उसमें कुछ मत लिखिए ।

## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : $6 \times 1 = 6$

1. रेस्तराँ का मालिक कौन था ?

2. 'अभिनव मनुष्य' कविता के अनुसार परमाणु किसे देखकर काँपते हैं ?

3. रवींद्रनाथ को नोबेल पुरस्कार क्यों मिला ?

4. कर्नाटक को चन्दन का आगार क्यों कहते हैं ?

5. कवि दिनकर के अनुसार आधुनिक मनुष्य ने किस पर विजय पायी है ?

6. जानवरों के लिए तिम्मक्का दंपति ने क्या इंतजाम किया ?

II. 7. **स्तम्भ - क** के वाक्यांशों के साथ **स्तम्भ - ख** के सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

| **स्तम्भ - 'क'** | | **स्तम्भ - 'ख'** | |
|---|---|---|---|
| अ) | अमरों की जननी | i) | बेंगलूर |
| आ) | ईमानदारों के सम्मेलन का उद्घाटन | ii) | चिक-चिक |
| इ) | कर्नाटक की पश्चिम दिशा में | iii) | खनिजों से भरे हैं |
| ई) | गिल्लू | iv) | हरिशंकर परसाई |
| | | v) | विशाल अरबी समुद्र है । |
| | | vi) | मातृभूमि |
| | | vii) | काँव-काँव |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4

8. गोरा रंग : यशोदा : : काला रंग : 14

9. तिम्मक्का : वृक्षप्रेमी : : चंद्रशेखर कंबार :

10. वर्चुअल मीटिंग रूम : विचार विनिमय : : ई गवर्नेंस : 8

11. बिजापुर का गोल गुंबज : वास्तुकला : : बेलूर हलेबीडू की मूर्तियाँ : 15

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 11 × 2 = 22

12. शांतिनिकेतन का आशय क्या था ?

13. तुलसीदास के अनुसार विपत्ति के साथी कौन-कौन हैं ? 7

14. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट कैसे मदद करता है ? 8

15. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ? 3

16. भीष्म साहनी अन्य बालकों से क्यों जलते थे ?

17. चप्पलों की चोरी से बचने के लिए ईमानदार डेलिगेट ने क्या सुझाव दिया ? 9

18. घोड़गेरी ग्राम को कुग्राम क्यों कहा गया है ?

19. दिनकरजी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ? 4

20. कृष्ण बलराम के साथ क्यों खेलना नहीं चाहता था ? 14

21. शनि किसका पुत्र है ? इसे शनैश्चर क्यों कहते हैं ? p-1

**अथवा**

सत्य के बारे में गाँधीजी के विचार क्या है ? p-2

22. समय को अमूल्य क्यों माना जाता है ? p-2

**अथवा**

सत्य क्या है ? उसकी कल्पना क्या है ? p-2

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : $4 \times 3 = 12$

23. भिखारी और करोड़पति में आप किसे श्रेष्ठ मानते हैं और क्यों ?

24. तिम्मक्का एक आदर्श समाजसेविका है । कैसे ?

25. भारत माँ के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

26. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

    राम नाम मणि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।

    तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसि उजियार ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न के उत्तर **पाँच** या **छः** वाक्यों में लिखिए : 4

27. वसंत ईमानदार लड़का है । कैसे ?

**अथवा**

राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए ।

28. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

प्रसार तेरी ..............................................

.............................................................

............................................................

............................................. गा रही हैं ।

**अथवा**

मुखिया ........................................... एक ।

पालै .................................. सहित विवेक ।।

## खण्ड - ख

### ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर प्रश्नों के नीचे दिये गये रिक्त स्थानों में उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $8 \times 1 = 8$

29. 'पढ़ना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है

(A) पढ़ाना (B) पढ़ाई

(C) पढ़ (D) पढ़वाना ।

30. 'औपचारिक' शब्द का विलोम शब्द है

(A) उपचार (B) आचार

(C) अनौपचारिक (D) उपकार ।

31. निम्न में से कौन शब्द स्त्रीलिंग का नहीं है ?

(A) मोरनी (B) नारी

(C) छात्र (D) युवती ।

32. दीर्घ संधि का उदाहरण है

(A) सदैव (B) देवालय

(C) परोपकार (D) नायक ।

33. 'पाप-पुण्य' किस समास का उदाहरण है ?

(A) कर्मधारय समास (B) तत्पुरुष समास

(C) अव्ययीभाव समास (D) द्वन्द्व समास ।

34. 'पसीना बहाना' मुहावरे का अर्थ है

(A) प्रसन्न रहना (B) पसीना छूटना

(C) बीड़ा उठाना (D) परिश्रम करना ।

35. निम्न में बहुवचन शब्द है

(A) कविता (B) आँख

(C) नदियाँ (D) लड़का ।

36. 'ताजमहल कहाँ है' इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न होगा

(A) प्रश्न वाचक (B) पूर्ण विराम

(C) अल्प विराम (D) विस्मयादि बोधक ।

## खण्ड - ग

## ( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )

VIII. 37. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

मनुष्य सामाजिक प्राणी है । वह सभी कार्य अपने आप नहीं कर सकता है । वह दूसरों की सहायता लेता है । समाज में उसे अच्छे लोगों के साथ-साथ बुरे लोग भी मिलते हैं । यदि वह अच्छे लोगों की संगति में रहेगा तो उस पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा । बुरे लोगों की संगति का बुरा प्रभाव पड़ता है । बुरे लोग स्वयं अपनी हानि करते हैं और समाज को भी नुकसान पहुँचाते हैं । मनुष्य को चाहिए कि वह अच्छे लोगों के साथ उठे-बैठे और अच्छा फल प्राप्त करे ।

क) मनुष्य कैसा प्राणी है ?

ख) समाज में किस तरह के लोग रहते हैं ?

ग) अच्छे लोगों की संगति से क्या होता है ?

घ) अच्छा फल कैसे प्राप्त हो सकता है ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में लिखिए : $4 \times 1 = 4$

38. रास्ते में भिखारी को एक छोटा बच्चा मिला ।

39. कर्नाटक में कन्नड भाषा बोली जाती है ।

40. रवींद्रनाथ श्रेष्ठ चित्रकार थे ।

41. शनि सौरमंडल का सर्वाधिक सुन्दर ग्रह है ।

X. 42. अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए अपने पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए । 4

**अथवा**

गाँव जाने के लिए चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक को एक पत्र लिखिए ।

XI. 43. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15-20 वाक्यों में कोई एक निबंध लिखिए :

$1 \times 4 = 4$

क) वन महोत्सव

essay

* प्रस्तावना
* वृक्षों का उपयोग
* वनों से प्राप्त होनेवाली विभिन्न वस्तुएँ
* वनों के नाश का कारण
* उपसंहार ।

ख) मेरे प्रिय कवि / साहित्यकार essay

* विषय प्रवेश
* जीवन परिचय
* शिक्षा
* साहित्य में योगदान
* उपाधि पुरस्कार ।

ग) जनसंख्या की समस्या

- ✳ विषय प्रवेश
- ✳ जनसंख्या वृद्धि के कारण
- ✳ परिणाम
- ✳ उपचार
- ✳ उपसंहार ।